हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

4
वनों का अस्तित्व बचाने चलाया गया पौधरोपण जागरूकता कार्यक्रम



# अब डोमनाला से मिलेगा उरगा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी को पानी

## सिंचाई विभाग बनाएगा एनीकट, कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

हाउसिंग बोर्ड के एक हजार आवास वाली उरगा में स्थापित अटल बिहार कॉलोनी के लोगों को अब पानी के लिए परेशानियों का सामना करना नहीं पड़ेगा।लंबे समय से आवास लेकर पानी की समस्या से जूझने वाले कॉलोनी वासियों के लिए उरगा सेमीपाली के बीच बहने वाले डोमनाला में एनीकट बनाया जाएगा। जिससे पेयजल की आपूर्ति होगी। शुक्रवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्टर ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया।

कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को उरगा सेमीपाली स्थित डोम नाला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उरगा सेमीपाली में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में व्याप्त पेयजल की समस्या के निराकरण और आसपास के गांव तक पानी की उपलब्धता के बारे में निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री वसंत ने पीएचई, सिंचाई विभाग और हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंताओं को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने डोमनाला में एनीकट बनने से होने वाले लाभ और जलसंरक्षण के महत्व को ध्यान रखकर ⏭ शेष पेज 3 पर



### बेचने लगे थे मकान मालिक अपना आवास

उरगा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में उम्मीद से मकान लेकर निवास करने वाले कॉलोनी वासियों की जब पानी की समस्या का निराकरण न होते नहीं दिखा तो वह अपने मकान को औने पौने दाम में बेचने की तैयारी करने लगे। कुछ लोगों ने तो अपने मकान इस वजह से बेच दिये कि कॉलोनी में पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। कलेक्ट्रेट से लगभग 10 किमी दूर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी शहर से दूर स्वच्छ वातावरण में तैयार की गई थी। एलआईजी एचआई और एमआईजी स्तर के स्वतंत्र आवास होने की वजह से लोगों का रुझान इस कॉलोनी की ओर तेजी से बढ़ा था।

### मांग को कलेक्टर ने लिया गंभीरता से

लाख रुपए खर्च कर आवास लेने वाले कालोनीवासी और उनके परिजनों के पेयजल समस्या को कलेक्टर अजीत वसंत ने गंभीरता से लिया। कॉलोनीवासियों ने अपनी समस्या के संबंध में जनदर्शन के माध्यम से श्री वसंत को अवगत भी कराया था। उन्होंने कॉलोनीवासियों को जल्द ही इसके निराकरण के आश्वासन दिया था और सिंचाई एवं पीएचई विभाग के अधिकारियों को इस समस्या के निदान के लिए आसपास के नालों में एनीकट बनाकर पेयजल आपूर्ति का प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में शुक्रवार को पीएचई और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ कलेक्टर ने उक्त स्थल का निरीक्षण किया।

## सिंचाई विभाग ने बंद किया नहर निर्माण, 98 लाख रुपए का बांटना था मुआवजा

# लिथियम खदान क्षेत्र में आया रामपुर जलाशय केंद्र से राज्य सरकार को मिलेंगे 45 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लिथियम खदान के दायरे में सिंचाई विभाग की रामपुर जलाशय परियोजना आने के बाद इसके एवज में राज्य सरकार को केंद्र सरकार से 45 करोड़ रुपए की एक बड़ी राशि मिलेगी। जिसकी शासकीय प्रक्रिया विभाग के द्वारा पूरी कर राज्य शासन को प्रेषित कर दी गई है। पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की यह सबसे बड़ी परियोजना थी।

लगभग 11 साल पहले पोड़ी उपरोड़ा और कटघोरा विकासखंड के ग्रामों को सिंचित करने के उद्देश्य से सिंचाई विभाग के द्वारा रामपुर डायवर्सन योजना के नाम से परियोजना शुरु की गई थी। इस योजना के पूरी होने पर कुल 83 करोड़ रुपए की लागत आती इसमें सरकार के 45 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस बीच रामपुर जलाशय के लिथियम खदान के दायरे में आने के बाद इसके आगे का काम रोक दिए गए हैं। एक तरफ नहर का निर्माण हो चुका था तो दूसरी तरफ के नहर निर्माण हेतु प्रभावित भूस्वामियों को मुआवजा वितरण किया जाना था लेकिन पूरी परियोजना लिथियम खदान के दायरे में आने से दूसरी तरफ के नहर निर्माण कार्य शुरु नहीं किया गया है। इस नहर के निर्माण के दौरान 98 लाख रुपए का मुआवजा राशि का वितरण करना था जो अब नहीं किया जाएगा। वर्तमान में सिंचाई विभाग के द्वारा रामपुर जलाशय परियोजना से संबंधित सभी काम पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं। कटघोरा से 7 किमी दूर पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत इस योजना से 334.14 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती।

### पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड की थी सबसे बड़ी परियोजना



रामपुर जलाशय।

### परियोजना के सभी काम बंद

लिथियम खदान के दायरे में आने के बाद रामपुर जलाशय परियोजना के सभी काम बंद कर दिए गए हैं। अब तक मुआवजा और निर्माण में 45 करोड़ खर्च हो चुके हैं जिसकी पूरी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को भेज चुकी है जो केंद्र सरकार को भेजी जाएगी। उक्त राशि केंद्र सरकार से ही मिलेगी।

- **एसएल द्विवेदी,** कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग

### वर्ष 2005 में तैयार हुई थी परियोजना

सिंचाई विभाग की रामपुर व्यापर्तन योजना के नाम से यह परियोजना वर्ष 2005 में तैयार की गई थी। जिसके लिए प्रारंभ में 18 करोड़ रुपए की लागत के एवज में राशि स्वीकृत की गई थी। योजना के कार्य शुरु होने के दौरान कई तकनीकी अड़चने आने के बाद काम शुरु किया जाता रहा। धीरे धीरे यह लागत 26 करोड़ रुपए पहुंच गई और 20 साल बाद इस योजना को पूरा करने में अब तक सरकार के 45 करोड़ रुपए मुआवजा और निर्माण कार्य में खर्च हो चुके हैं। इतनी राशि खर्च होने के बाद आगे के सभी काम बंद होने के बाद रामपुर जलाशय से संबंधित कोई भी मुआवजा राशि स्वीकृत नहीं की जा रही है।

### कटघोरा ब्लॉक को मिलता लाभ

कटघोरा से महज 7 किमी दूर पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में भले ही यह परियोजना तैयार की जा रही थी किंतु इसका सर्वाधिक लाभ कटघोरा विकासखंड के किसानों को मिलता। जल संसाधन विभाग के अनुसार कटघोरा विकासखंड अंतर्गत दो हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होती। वहीं पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के 13 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होती।

# एक सप्ताह में निर्माण कार्य शुरू नहीं तो नपा बांकीमोंगरा में होगी तालाबंदी



सीएमओ को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर पालिका में निर्माण कार्यों में हो रही देरी को लेकर विपक्षी दल कांग्रेस के पार्षदों ने नाराजगी जाहिर की है। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की अनुपस्थिति में पार्षदों ने आरआई अजीत क्षत्रिय को ज्ञापन सौंपा।

विपक्ष के नेता मधुसूदन दास, पार्षद तेजप्रताप सिंह और नवीन कुकरेजा सहित अन्य पार्षदों ने स्वीकृत निर्माण कार्यों को 7 दिन के भीतर शुरू करने की मांग की है। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो नगर पालिका कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। पार्षदों ने आरोप लगाया है कि पालिका जनहित से जुड़े कार्यों में दिलचस्पी नहीं दिखा रही है। पार्षदों का कहना है कि कार्य शुरू होने से पहले उन्हें सूचित किया जाए। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि एक महीने से कार्य शुरू न होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गैर जरूरी कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि जनहित के कार्यों में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है। पार्षद तेजप्रताप और नवीन कुकरेजा ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा है, लेकिन पालिका इन समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ भूमि पूजन से काम नहीं चलेगा, कार्य भी शुरू होने चाहिए। विपक्षी पार्षदों ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन में काम शुरू नहीं हुआ तो वे नगर पालिका कार्यालय की तालाबंदी करने को मजबूर होंगे।

### खास बात

- निर्माण कार्य में देरी को लेकर विपक्ष ने दिया अल्टीमेटम

## खबर संक्षेप

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 8 को

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 8 मई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से एसके सेफ्टी विंग (एमाजॉन) हैदराबाद के अंतर्गत वेसरहाउस एसोसिट्स के कुल 5 सौ पद, कार्यस्थल हैदराबाद, मित्रा ग्रुप ऑफ कंपनी रायपुर के अंतर्गत सुपरवाईजर के 10 और सर्वेयर के 20 पद कार्यस्थल कोरबा, वेदान्ता स्कील स्कूल बालको अंतर्गत सिविंग मशीन आपरेटर इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, होटल मैनेजमेंट, सोलर पीव्ही इंस्टालर, मोबाईल रिपेयरिंग एण्ड हार्डवेयर के 60-60 पद, कार्यस्थल छत्तीसगढ़ हेतु पात्र हितग्राहियों की नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों पर शैक्षणिक योग्यता 8 वीं से स्नातक उत्तीर्ण, आयुसीमा 18 वर्ष से अधिक एवं वेतनमान रूपये 10 हजार से 20 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### पीएम आवास सर्वेक्षण 15 मई तक

**कोरबा।** पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित था। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब, कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### जिले में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 से 31 मई तक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसएन केशरी के नेतृत्व में माह मई नगर पालिक निगम, पंचायत विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुष विभाग तथा राजस्व विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत जिले के शहरी तथा ग्रामीण समस्त सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न तिथियों में विभीन्न बिमारियों की स्क्रीनिंग हेतु सवास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। माह मई में कोरबा जिले के स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र अंतर्गत समस्त 60 वर्ष से अधिक उम्र के वयोवृद्ध व्यक्तियों का शतप्रतिशत स्क्रीनिग कर बिमारियों या परेशानियों को चिन्हित करेंगे तथा उन्हें उपचार या सहायक उपकरण कि आवश्यकता होने उपचार एवं सहायक उपकरण प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध लोगों के स्वास्थ्य जॉंच हेतु 5 से 31 मई तक स्वास्थ्य परीक्षण जॉंच शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस शिविर में मुख्य रूप से वयोवृद्ध लोगों की सामान्य स्वास्थ्य जॉंच जैसे बीपी,शुगर, मुख जॉंच, कान की जॉंच तथा अन्य बिमारियों की जॉंच किया जाएगा। यदि किसी वयोवृद्ध व्यक्ति को कोई विशेष बिमारी या स्वास्थ्य समस्या है तो उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लगाने वाले शिविर में विशषज्ञ चिकित्सक से जॉंच करवाकर उपचार एवं निःशुल्क दवाइयां दिया जायेगा तथा पंचायत विभाग द्वारा सहायक उपकरण दिया जाएगा। आयुष विभाग द्वारा शिविर में वयोवृद्ध लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# पोड़ी से लेपरा मार्ग के लिए डीएमएफ से मिली 1 करोड़ से अधिक की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता की मांग और जनसामान्य की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला खनिज न्यास अंतर्गत जिले में अलग-अलग विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की है। उन्होंने पोड़ी उपरोड़ ब्लॉक के अंतर्गत पोंड़ी से लेपरा मार्ग में 3 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य हेतु रूपये 1 करोड़ 20 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें एजेंसी पीएम ग्राम सड़क योजना को बनाया गया है। इस मार्ग का कुछ हिस्सा बारिश के दिनों में बह गया था, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था। मार्ग को पक्का बनाने की मांग स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही थी। डीएमएफ से उक्त के मार्ग बनने के पश्चात पोड़ी सहित लेपरा और बांझीआमा के ग्रामीणों को आवागमन में आसानी होगी। बारिश के दिनों में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। कलेक्टर द्वारा डीएमएफ से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रजगामार में प्रयोगशाला हेतु 49 लाख 98 हजार और अतिरिक्त भवन निर्माण हेतु रूपये 19 लाख 22 हजार 200, नगर पालिक निगम के स्वच्छता दीदीयों के लिए 100 ई-रिक्शा क्रय किये जाने हेतु रूपये 2 करोड़ 81 लाख स्वीकृत किया गया है। नगर निगम अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों द्वारा वर्तमान में पैडल वाले रिक्शा से घर-घर जाकर कचरा इक्टठा किया जाता है। ई-रिक्शा मिलने से उन्हें अतिरिक्त श्रम नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीण अंचलों में पहुंचमार्ग निर्माण के लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृत की जा रही है। जिसके लिए पीएम ग्राम सड़क योजना को एजेंसी बनाया गया है। इस कार्य से पारे टोले भी मुख्यमार्ग से जुड़ सकेंगे जिससे बरसात में सुविधा मिल सकेगी।

### खास बात

- स्वच्छता दीदीयों को पैडल वाले रिक्शा के जगह मिलेगा सौ ई-रिक्शा

# दीपका नगर पालिका उपाध्यक्ष के कार्यकाल पर मंडराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका में उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी से पराजित होने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी ने निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए न्यायालय में याचिका लगाई थी, जिसे कटघोरा न्यायालय ने स्वीकार करते हुए कटघोरा एसडीएम, नगर पालिका परिषद दीपका के अधिकारियों सहित सभी पार्षदों को नोटिस जारी किया गया है। 9 मई को मामले की सुनवाई की जाएगी।

नगर पालिका परिषद दीपका के उपाध्यक्ष संगीता साहू के कार्यकाल को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी की गई। उपाध्यक्ष पद के लिए जहां सत्ता पक्ष भाजपा ने वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद संगीता साहू को अपना प्रत्याशी बनाया। वहीं कांग्रेस ने वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद कमलेश जायसवाल को उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनाया था। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संगीता साहू को जहां 13 मत मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश जायसवाल को 8 मत प्राप्त हुए थे। जिसके बाद नगर पालिका परिषद दीपका में भाजपा पार्षद संगीता साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। नगर पालिका परिषद दीपका में कुल 21 वार्ड हैं। जिसमें से 12 वार्ड में भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी तो वहीं 6 वार्ड में कांग्रेस व 3 वार्डों मेंनिर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की थी। उपाध्यक्ष का चुनाव आने वाले कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश जायसवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया पर कई आधार से सवाल खड़े किए और कोर्ट में याचिका लगाई थी। कटघोरा न्यायालय ने श्री जायसवाल के इस याचिका स्वीकार कर लिया है। साथ ही 9 मई को सुनवाई करने को लेकर एसडीएम, नगर पालिका के अधिकारियों सहित पार्षदों को न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस जारी किया गया है।

### खास बातें

- उपाध्यक्ष का चुनाव हारने वाले कांग्रेसी पार्षद की याचिका स्वीकृत, 9 को होगी सुनवाई
- न्यायालय ने एसडीएम नगर पालिक दीपका सहित सभी पार्षदों को जारी किया नोटिस

### चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए सवाल

दरअसल निर्वाचन दिवस को जो प्रक्रिया अपनाई गई उसे लेकर कांग्रेस पार्षद कमलेश ने आपत्ति दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। निर्धारित समय सीमा के भीतर पार्षद कमलेश ने इस मामले को कटघोरा कोर्ट में पेश किया है। उनके द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जो याचिका लगाई गई है उसमें कहा गया है कि भाजपा पार्षदों को अलग-अलग कलर के पेन दिए गए थे ताकि वोट इधर-उधर ना होने पाए, जबकि चुनाव में एकरूपता होना चाहिए। कमलेश ने कहा कि अगर निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ चुनाव होता तो नतीजा कुछ और हो सकता था कमलेश जायसवाल की याचिका को कोर्ट ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत पर स्वीकार कर लिया है और निर्वाचन अधिकारी के साथ-साथ के म्युनिसिपल ऑफीसर एवं पार्षदों को इस मामले में पार्टी बनाया है।

## ट्रांसपोर्टिंग में भी आ रही थी समस्या, दो दिन में ही किया गया ठीक

# देशी शराब की डिमांड बढ़ी तो दुकानों में शॉर्ट हो रही थी आपूर्ति, किया गया दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के देशी शराब दुकानों में पिछले कुछ दिनों से ग्राहकों की भीड़ अचानक बढ़ गई थी साथ ही देशी शराब की सप्लाई शॉर्ट हो गई थी और दुकानों में देशी शराब के लिए अचानक डिमांड बढ़ गई थी जिसकी वजह से शराब दुकानों में देशी शराब की कमी होने लगी थी। विभाग के अफसर के कानों तक जैसे ही बात पहुंची तो विभाग के अफसर ने तत्काल डिल्टीलरी से देशी शराब की डिमांड को तेज किया और व्यवस्था को दुरुस्त कर देशी शराब की आपूर्ति की गई।



जिले में पिछले कुछ दिनों से देशी शराब की डिमांड अचानक बढ़ गई थी। बताया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शादी सीजन होने की वजह से लोग प्रतिदिन शराब दुकान पहुंचकर शराब की अत्यधिक खरीदी कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर शराब की सप्लाई में भी कुछ परेशानी आ रही थी तो कभी ट्रांसपोर्टिंग समस्या आ रही थी, तो कभी ट्रांसपोर्टिंग करने वाले की गाड़ी खराब हो जाने की वजह से समय के भीतर देशी शराब की सप्लाई दुकानों तक नहीं हो पा रही थी। जिसके चलते शराब दुकानों में देशी शराब की कमी की स्थिति निर्मित हो रही थी। लगातार इस तरह की शिकायत सामने आने पर जिला सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और शराब दुकानों में शराब की आपूर्ति बेहतर ढंग से हो सके इसके लिए उन्होंने विभाग के अधिकारियों और ट्रांसपोर्टर की बैठक ली। साथ ही सभी शराब दुकानों में पूर्व की तरह शराब की आपूर्ति हो सके इसके लिए तत्काल निर्देश जारी किया गया। जिसके बाद पिछले दो दिनों से जिले में किसी तरह देशी शराब की सप्लाई को दुरुस्त कर कमी को पूरा किया गया।

### अभी नहीं है शराब की कमी

शादी सीजन होने की वजह से देशी शराब की डिमांड पिछले कुछ दिनों से अचानक बढ़ गई थी तो कहीं कुछ ट्रांसपोर्टिंग में समस्या आ रही थी। जिसके चलते कुछ दुकानों में देशी शराब शॉर्ट होने की शिकायत मिली थी जिसे पुनः दुरुस्त कर लिया गया है। अभी किसी भी शराब दुकान में शराब की कमी नहीं हो रही है। सभी दुकानों में सुचारू रूप से शराब की आपूर्ति की जा रही है।

- **आशा सिंह,** सहायक आयुक्त आबकारी

### शनिवार, रविवार को सबसे ज्यादा बिकती है शराब

आबकारी विभाग के सूत्र बताते हैं कि जिले में देशी, विदेशी शराब की बिक्री अमूमन आम दिनों की अपेक्षा शनिवार और रविवार को ज्यादा होती है क्योंकि शनिवार व रविवार के दिन लोगों की छुट्टी होती है। यही वजह होती है कि लोग शराब दुकान पहुंचते हैं और अपने पसंद के अनुरुप देशी, विदेशी शराब की खरीदी करते हैं बाकि आम दिनों की अपेक्षा इस दिन शराब की बिक्री ज्यादा होती है जबकि वहीं दूसरी ओर मंगलवार को जिले में शराब की बिक्री का ग्राफ बहुत कम हो जाता है। बताया जाता है कि अभी जिले के देशी व विदेशी शराब दुकानों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक किया गया है।

### तनाव से दूर रहने रोज व्यायाम करने किया जागरूक

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम शक्ति नगर दीपका के बीकन स्कूल के छात्रों ने जीवन में तनाव से दूर रहने रोज सुबह व्यायाम करने का संदेश दिया। इसके अंतर्गत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी, जिससे छात्रों ने तनाव कम करने के विभिन्न कारको को सामने रखा। नुक्कड़ नाटक के सफल व प्रभावशाली चित्रण छात्रों ने विद्यालय के शिक्षक चित्रण कुमारी, स्वाति राजवाड़े, ज्योति लहरे, विनय शर्मा, मीना शशि व तुरूण कुमार के मार्गदर्शन में किया। दीपका के सार्वजनिक स्थल पर छात्रों की यह प्रस्तुति शारीरिक व मानसिक तनाव और विभिन्न सामाजिक प्रभावों से था। प्राचार्य नूर मसीह ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों में जागरूकता के प्रचार के लिए हरदीबाजार व बाकीमोंगरा में भी नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हसदेव एक्सप्रेस में लगी अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग

**बिलासपुर।** रायपुर से कोरबा के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त सेकेंड सीटिंग आरक्षित चेयरकार कोच लगाया गया है। रेल प्रशासन ने यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में 18249/18250 रायपुर से कोरबा और कोरबा से रायपुर के बीच चलने वाली हसदेव एक्सप्रेस में एक सेकेंड सीटिंग कोच की सुविधा 18249 रायपुर-कोरबा में 7 मई से तथा 18250 कोरबा-रायपुर हसदेव एक्सप्रेस में 8 मई से उपलब्ध रहेगी।

### 12 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हिर्री पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस को 12 लीटर शराब मिली है। पुलिस ने दोनों आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम कोपरा नहर पुल के पास बाइक में दो व्यक्ति शराब लेकर घुम रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को हिरासत में लिया। इस दौरान पकड़ में आए आरोपी के बैग की तलाशी ली गई। जिसमें 180 एमएल की 70 नग शीशी, जिसमें 12.600 लीटर शराब मिली। पुलिस ने मामले में सरसेनी निवासी गोविंदा नायक पिता राजकुमार नायक उम्र 21 साल और प्रमोद नायक पिता रामप्रसाद नायक उम्र 29 के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** परसदा के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। एक्सीडेंट में पति व पत्नि घायल हो गए। आरोपी कार चालक के खिलाफ सकरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार संतोष बंजारे पिता पुरूषोत्तम लाल बंजारे परसदा में रहते हैं और पर्थरा स्कूल में व्याख्याता पद पर कार्य कर रहे हैं। 1 मई को उस्लापुर से अपनी पत्नि के साथ परसदा जा रहे थे। इस दौरान रात 9.45 को बचन बाई स्कूल के समीप अज्ञात कार चालक ने कार चलाते हुए उनकी स्कूटी सीजी 28 5217 को टक्कर मार दी।

### बिल मांगने पर दुकान मालकिन से मारपीट

**बिलासपुर।** 4 माह से रह रहे किराएदार से बिजली बिल का पैसा मांगना मकान मालकिन को भारी पड़ गया। आरोपी किराएदार ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। दुकान मालकिन ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है। मामले के अनुसार अनिता कुमारी गोड़ पति निर्भय कुमार गोड़ गौतम विहार महर्षि स्कूल रोड की रहने वाली है। उसलापुर स्टेशन के पास उनकी दुकान है। दिसंबर 2024 को उन्होंने भास्कर श्रीवास को दुकान किराए पर दिया था। किरायादार ने मार्च में दुकान का किराया ऑनलाइन भुगतान कर दिया, लेकिन बिजली बिल 2780 रूपए का भुगतान नहीं किया। 3 अप्रैल को श्रीमति अनिता ने दुकान का बिजली बिल भुगतान करने की बात भास्कर श्रीवास से कही, इसपर किराएदार ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। इस दौरान अन्य किराएदार अलख निरंजन से बीच बचाव किया। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बिजली के तार से बच्ची की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सीपत के ग्राम हिंडाडीह में खेत में मिली 10 साल की बच्ची के शव के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अवैध कनेक्शन द्वारा खेत में बिजली पहुंचाई थी, इसके लिए बिछाए गए तार में बच्ची फंस कर मौत के गाल में समा चुकी है। सीपत थाना के अनुसार सरिता धुनवार पिता रामानंद धनुहार उम्र 10 वर्ष का शव खेत में पड़ा मिला था, शव को देखने से करंट द्वारा मौत की पुष्टि हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की। इस दौरान पीएम में मृतिका के दाहिने पैर, बांए हाथ के अंगूठा और शरीर में जलने के निशान पाए गए थे। एफएसएल की टीम एवं विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री को सूचना दी गई।

# 10 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूल होंगे बंद, जिले में ऐसे 14 स्कूल

**कोटा ब्लाक में सबसे अधिक 10**

- पास के स्कूलों में किए जाएंगे मर्ज, अतिशेष शिक्षक भी दूसरे स्कूल भेजे जाएंगे
- स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया फिर से शुरू होने वाली है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

जिन प्राइमरी और मिडिल स्कूल में छात्रों की संख्या 10 से कम है, वे पास के स्कूलों में मर्ज किए जाएंगे। इसके बाद अतिशेष शिक्षक दूसरे स्कूलों में भेजे जाएंगे।

दरअसल प्रदेश के स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया फिर से शुरू होने वाली है। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने कलेक्टर और डीईओ को पत्र भेजा है। शालाओं के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया 7 मई से 25 मई तक और शिक्षकों के लिए 15 मई से 10 जून तक चलेगी। बिलासपुर में ऐसे स्कूलों की संख्या 14 है। इसमें कोटा ब्लाक में सबसे अधिक 10 स्कूल, मस्तूरी और तखतपुर में 2-2 स्कूल हैं।

ज्ञात हो कि युक्तियुक्तकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने पिछले साल प्रक्रिया शुरू की थी। 2 अगस्त को इसके लिए आदेश जारी किया था। विवाद बढ़ने और चुनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। अब इसे फिर से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों में एक ही परिसर में या निकट में दो या दो से अधिक शालाएं संचालित हैं तो इनका युक्तियुक्तकरण होगा। साथ ही अतिशेष शिक्षकों का शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाओं में युक्तियुक्तकरण किया जाएगा।

### छात्रों की संख्या के अनुपात में गणना होगी

इसके लिए शिक्षा विभाग ने फार्मूला तय किया है। इसके अनुसार स्कूलों को मर्ज किया जाएगा। हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में एक विषय के लिए स्वीकृत पद के विरुद्ध एक से अधिक कार्यरत व्याख्याता में से अतिशेष का युक्तियुक्तकरण होगा। इसी तरह एक ही परिसर में मर्ज हुए प्राइमरी स्कूलों के छात्रों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की गणना होगी। प्रधान पाठक शिक्षकीय पद है, इसलिए इसकी गणना शिक्षकीय पद के रूप में होगी। युक्तियुक्तकरण वाले प्राइमरी स्कूलों में दर्ज संख्या 60 या इससे कम है तो वहां एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक रहेंगे। कम छात्रों वाले स्कूलों के युक्तियुक्तकरण के लिए यह फार्मूला अपनाया जाएगा।

### दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम, उनका समायोजन




जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी के मुताबिक युक्तियुक्तकरण के लिए कमेटी बनेगी। इनका काम स्कूलों को चिह्नित करना और सूचीबद्ध करना है। इसके अलावा अतिशेष शिक्षकों को चिह्नित, सूचीबद्ध करना और रिक्त पदों की शालावार सूची बनाना भी उनकी जिम्मेदारी है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार एक ही परिसर में संचालित दो या दो से अधिक स्कूलों को चिह्नित किया जाएगा। एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम हो उनका समायोजन होगा। ऐसे स्कूलों की दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर और छात्रों की दर्ज संख्या 30 से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में दूरी एक किलोमीटर से कम और दर्ज संख्या 10 से कम होनी चाहिए।

### किया जाएगा समायोजन

एक ही स्तर के दो विद्यालय जिनके बीच दूरी कम और छात्रों की दर्ज संख्या कम हो उनका समायोजन होगा। ऐसे स्कूलों की दूरी शहरी क्षेत्र में 500 मीटर और छात्रों की दर्ज संख्या 30 से कम होनी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में दूरी एक किलोमीटर से कम और दर्ज संख्या 10 से कम होनी चाहिए। इसके लिए शिक्षा विभाग ने फार्मूला तय किया है। इसके अनुसार स्कूलों को मर्ज किया जाएगा।

\- अनिल तिवारी
जिला शिक्षा अधिकारी

## पुलिस ने तैयार की प्रश्नावली, हो सकता है बड़ा खुलासा

# फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट को पुलिस ने कोर्ट में किया पेश


पूर्व विस अध्यक्ष व विधायक पं. स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के गलत इलाज से मौत का मामला

अपोलो हास्पिटल के फर्जी डाक्टर को दमोह से रिमांड पर लाया जा रहा शहर

अपोलो ने सौंपी सीएमएचओ को फाइल पूर्व विधायक की मौत से उठ सकेगा पर्दा

न्याय यात्रा आज: बैज, पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष डा. महंत होंगे शामिल

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**विशेष डाक्टर द्वारा हर 6 घंटे में की जाएगी मेडिकल जांच**


फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट को कोर्ट ले जाती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एमपी के दमोह से फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र केम जॉन को सरकंडा पुलिस शहर लेकर आई, यहां उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने जिला न्यायालय के जज कृष्ण मुरारी शर्मा की कोर्ट के आदेश पर आरोपी डाक्टर को एक दिन की रिमांड में लिया है। इस दौरान पुलिस डाक्टर कड़ी पूछताछ करेगी। पुलिस ने डाक्टर से पूछताछ के लिए टीम तैयार की है और उसके किए गए कारनामों का खुलासा होने की उम्मीद है।

अपोलो अस्पताल में फर्जी कार्डियोलाजिस्ट द्वारा लोगों की हार्ट सर्जरी करने वाले और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के साथ ही अन्य मरीजों की मौत के मामले में सरकंडा पुलिस ने डॉ नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव को बिलासपुर लेकर पहुंच चुकी है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे डॉ नरेंद्र केम जॉन को कोर्ट में पेश किया गया, जिला कोर्ट ने डॉक्टर को पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इसके बाद पुलिस ने तहसील कार्यालय पहुंचकर डाक्टर नरेन्द्र केम जॉन की शिनाख्त कराई। बताया जा रहा है कि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की मौत, फर्जी प्रमाण पत्र, अपोलो में नियुक्ति, अब तक के सर्विस रिकार्ड और कार्डियोलाजिस्ट के तौर पर किए आपरेशन से संबंधित कई बातों को लेकर पुलिस ने लंबी लिस्ट तैयार की है। 1 दिन के रिमांड में पुलिस इन सभी बिन्दुओं में डाक्टर से पूछताछ करेगी। बताया जा रहा है कि डाक्टर की तबीयत पूरी तरह से ठीक है, लेकिन पुलिस विशेष डाक्टरों से उसके स्वास्थ्य की जांच कराई जाएगी। हर 6 घंटे में डॉ केम के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

**यह था मामला**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला की तबियत बिगड़ने पर 2 अगस्त 2006 को अपोलो में भर्ती किया गया था, बताया जा रहा है कि डॉ. केम पहले से ही उनका इलाज कर रहे थे और उसने उनकी एंजियोग्राफी और एंजियाप्लास्टी भी की थी। इस संबंध में अपोलो ने स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट सौंपी है। पिता की मौत के बाद उनके पुत्र डॉ. प्रदीप शुक्ला ने डॉ. केम के आपरेशन और इलाज पर शंका जाहिर की थी और पुलिस और स्वास्थ्य विभाग से डॉ. केम पर जांच करने की मांग की थी।

### डाक्टर की डिग्री पर उठे सवाल

दमोह में आपरेशन के बाद 7 लोगों की मृत्यु होने के बाद डा. केम की पोल खुल गई। जांच के दौरान डॉ. केम की डीएम कार्डियोलॉजी की डिग्री फर्जी पाई गई। वहीं छग मेडिकल काउंसिल में भी डिग्री का पंजीयन नहीं होने की बात सामने आ चुकी है, ऐसे में डाक्टर केम को एंजियोप्लास्टी करने का अधिकारी नहीं है।

### अपोलो ने झाड़ा पल्ला

पूरे मामले में अपोलो अस्पताल ने डाक्टर नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव की नियुक्ति को लेकर प्रबंधन ने पल्ला झाड़ते हुए उसकी नियुक्त को चेन्नई स्थित हेडक्वार्टर से होना बता दिया है, इस मामले में अपोलो प्रबंधन नियुक्ति पत्र के अलावा कोई भी दस्तावेज स्वास्थ्य विभाग को नहीं सौंपा है, ऐसे में अपोलो की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

# फर्जी मेडिकल बिल लगा 30 लाख निकालने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**कलेक्टर से शिकायत के बाद डीईओ ने बनाई जांच कमेटी**

- अपने और अपने परिजनों के नाम पर बीईओ कार्यालय बिल्हा में बिल पेश कर दिया

एशिया के सबसे ब्लाक बिल्हा के एक स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक ने चिकित्सा सुविधा के नाम पर बोगस मेडिकल बिल जमा कर 30 लाख रुपए निकालने की साजिश रच ली। इससे पहले की बिल भुगतान होता कलेक्टर से इस मामले की शिकायत कर दी गई। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। बिल्हा ब्लॉक में पदस्थ शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और परिजनों के नाम पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बिल्हा में फर्जी मेडिकल बिल जमा किया। फर्जी मेडिकल बिल को विभाग ने राज्य कार्यालय को फारवर्ड कर राशि भी मंगा ली। भुगतान होता इसके पहले ही शिकायतकर्ता धनंजय ने बिलासपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर बिल्हा ब्लाक में फर्जी मेडिकल बिल के नाम पर फर्जीवाड़ा की शिकायत की है। शिकायत में लिखा है कि शिक्षक साधे लाल पटेल ने अपने और अपने परिजनों के नाम पर बीईओ कार्यालय बिल्हा में 30 लाख का बिल प्रस्तुत किया है।

### जिस वक्त बीमार बताया उस वक्त ड्यूटी में था

शिक्षक ने जिस वक्त उसने अपने आपको बीमार बताकर इलाज का बिल पेश किया है उस वक्त ड्यूटी में भी उपस्थित थे। शिकायत के अनुसार साधे लाल पटेल ने 29 अगस्त 2024 को जिला चिकित्सालय से स्वीकृत बिल कार्यालय में प्रस्तुत किया है जिसके अनुसार 77,564 रुपए की राशि उनके द्वारा इलाज पर खर्च की गई है और जिस बिल को उन्होंने जमा किया है वह बिल मूल रूप से शिक्षक असीम वर्मा का है, जिसको कूटरचित कर उन्होंने प्रस्तुत किया है। इसी प्रकार अपने परिचित उमाशंकर चौधरी का 27 अगस्त 2024 को 5 लाख 42 हजार 535 रुपए का बिल प्रस्तुत किया है जो की मूल रूप से असीम वर्मा का है और 1,43,000 रुपये का बिल है। इसी तारीख को स्वीकृत एक और बिल राजकुमारी पटेल का है जो 4 लाख 3 हजार 327 रुपए का है जबकि मूल रूप से यह बिल 47 हजार का है।

### दूसरे के नाम के बिल की कूटरचना

इसी प्रकार एक बिल स्व नरेंद्र कुमार चौधरी के नाम से 5 लाख 33 हजार 123 रुपए का प्रस्तुत किया गया है जो जिला चिकित्सालय से 18 जनवरी 2022 को पास किया गया है जबकि मूल रूप से यह बिल 32 हजार रुपए का है। राजकुमारी पटेल के नाम से 7 लाख 32 हजार 841 रुपए का फर्जी बिल प्रस्तुत किया गया है। दूसरे के नाम के बिल को अपना बात कर और राशि को बढ़ाकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बिल प्रस्तुत किया है। डीईओ अनिल तिवारी ने दो सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। जांच कमेटी में हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य एसके कश्यप व हायर सककेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे को जांच करने और रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

### कार का दरवाजा खोला बाइक सवार को चोट

**बिलासपुर।** अचानक कार का दरवाजा खोलने पर सड़क पर चल रहे बाइक सवार के हाथ और पैर में चोट आई है। पुलिस ने इनोवा कार के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामले के अनुसार घटना राजकिशोर नगर के आईसीआईसी बैंक के पास की है। आशीष कुमार साहू पिता राघेलाल साहू सकरी ग्रीन हाउस कालोनी क्वार्टर नंबर 6 में रहते है। शुक्रवार को 3.30 बजे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एजेड 8187 से मोपका से राजकिशोर नगर चौक जा रहे थे। इस दौरान इनोवा कार क्रमांक सीजी 10 एपी 8700 के चालक ने कार का दरवाजा खोल दिया।

# वकील ने मुवक्किल को अंधेरे में रखकर किया फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने किसान को मादक द्रव्य देकर फर्जी बिक्री विलेख तैयार पर 8.85 एकड़ जमीन अपने नाम पंजीयन कराने के आरोपी वकील व उसके सहयोगी गवाह की अपील को खारिज करते हुए सत्र न्यायालय के आदेश को यथावत रखा है। इस मामले के दो आरोपी पटवारी एवं दस्तावेज लेखक की संलिप्तता सिद्ध नहीं होने पर दोषमुक्त किया है। आरोपी वकील को फरवरी 2016 में 3 वर्ष की कैद हुई की सजा सुनाई गई थी।

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी शिकायतकर्ता मेहर चंद पटेल ने 2013 में सिविल लाइन थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि उसके पास ग्राम खैरा में 8.85 एकड़ कृषि भूमि थी। बिलासपुर जिला न्यायालय में वकालत करने वाला वकील उन्हें कानूनी सलाह दिया करता था। वकील ने शिकायतकर्ता को जमानत लेने के बहाने बुलाया एवं बाद में कुछ मादक द्रव्य देकर बिक्री विलेख पंजीकृत करा सम्पूर्ण 8.85 एकड़ भूमि अपने नाम करा ली। इसकी शिकायत मार्च 2013 में सिविल लाइन थाने में की गई। शिकायत सही पाई गई तो पुलिस ने मामले में वकील सीताराम कैवर्त निवासी खैरा, 22 बिन्दु जारी करने वाले तत्कालीन पटवारी अशोक व दस्तावेज लेखक देवनाथ यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया।

**हाइकोर्ट ने सजा के खिलाफ पेश अपील खारिज की**



- सह अभियुक्त पटवारी एवं दस्तावेज लेखक को दोषमुक्त

### सत्र न्यायालय ने तीन साल की सजा सुनाई

सत्र न्यायालय बिलासपुर ने फरवरी 2016 में सभी को विभिन्न धारा में 3 वर्ष कैद एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। सजा के खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग अपील पेश की। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की कोर्ट में अपील पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने पाया कि बिक्री विलेख में हस्ताक्षर शिकायतकर्ता मेहर चंद के नहीं थे। वकील ने जाली बिक्री विलेख तैयार किया था। इसी प्रकार उसके सहयोगी सीताराम कैवर्त गवाह की भी अपराध में संलिप्तता सिद्ध होना पाया गया। इस आधार पर कोर्ट ने अपीलकर्ता वकील सीताराम कैवर्त की अपील को खारिज करते हुए अदालत के निर्णय को यथावत रखा है।

## रिश्वतखोर चीफ इंजीनियर के दस्तावेज खंगाल रही सीबीआई

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय में कार्यरत चीफ इंजीनियर विशाल आनंद के खिलाफ सीबीआई की जांच अभी पूरी नहीं हुई है।

सीबीआई रेलवे के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में पहुंचकर चीफ इंजीनियर के खिलाफ दस्तावेज खंगालने के साथ अन्य अधिकारियों से पूछताछ भी कर रही है। जानकारी के अनुसार एक सप्ताह पहले सूचना मिलने पर सीबीआई की टीम ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन मुख्यालय के कंस्ट्रक्शन विभाग में रोड एंड सेफ्टी ओपन लाइन के चीफ इंजीनियर विशाल आनंद को 32 लाख रुपए की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया था। टीम ने बिलासपुर के साथ रांची और बिहार में भी छापामार कार्रवाई की है, जिसके बाद टीम को चीफ इंजीनियर के घर से 70 लाख रुपए और उसके भाई कुणाल आनंद के घर से एक किलो सोना मिला था। इसके अलावा टीम को चीफ इंजीनियर के ज्वेलरी शॉप, रेडिमेड गारमेंटस शॉप सहित अन्य संपत्तियों की भी जानकारी मिली है। रांची के साथ ही एक टीम बिलासपुर के रेलवे रेस्ट हाउस में भी रूकी हुई है।

**वर्ष 2018 में हुआ था सर्वे, सात साल बाद फिर बन रही सूची**

# प्रधानमंत्री आवास पाने दो लाख लोगों ने ठोंकी दावेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नए हितग्राहियों के चयन के लिए जिले में सर्वे का कार्य प्रारंभ है। पंद्रह अप्रैल से प्रारंभ हुए सर्वे को अभी महज पंद्रह दिन ही बीते हैं और जिले से 1 लाख 95 हजार 551 लोगों ने अपनी दावेदारी ठोंक दी है। सर्वे के दौरान प्राप्त आंकड़ों के हिसाब से अब इनकी स्क्रूटनी की जाएगी। सरकार द्वारा तय नियमों के दायरे में आने वाले हितग्राहियों को पात्रता के आधार पर आवास का आबंटन किया जाएगा।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नए हितग्राहियों की खोज हेतु जिले में डोर-टू-डोर सर्वे का काम तेजी से चल रहा है। सर्वे का कार्य पंद्रह अप्रैल से शुरू किया गया था, और आज की स्थिति में लगभग दो लाख लोगों के घरों में सर्वे किए जा चुके हैं। विभाग के अनुसार बीते वर्षों में वर्ष 2011 में इसके लिए सर्वे किया गया था व वर्ष 2017 तक इसी सर्वे सूची के आधार पर आवास आबंटित किए गए। इसके बाद वर्ष 2018 में पुनः



हितग्राही खोजने डोर टू डोर सर्वे

पीएम आवास के लिए सर्वे कराया गया था व अब तक उसी सर्वे सूची के आधार पर पात्र हितग्राहियों को आवास आबंटित किए जा रहे हैं। जिले के ऐसे लोग जो पीएम आवास पाने से अब तक छूट गए हैं, लेकिन इसके लिए दावेदारी कर रहे हैं, तो उन्हें भी इसका लाभ देने के उद्देश्य से सरकार 15 अप्रैल से सर्वे करा रही है, ताकि आगामी वर्षों में इन्हें भी आवास आबंटित किया जा सके।

### 15 तक बढ़ाई गई सर्वे की अवधि

पूर्व में निर्धारित समय के अनुसार सर्वे का कार्य 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जाना था। सरकार द्वारा अधिकाधिक लोगों को इस योजना से जोड़ने के उद्देश्य से अब सर्वे की अवधि 15 दिन बढ़ा दी गई है। इसके अनुसार पीएम आवास हेतु जिले में अब 15 मई तक सर्वे का कार्य किया जा सकेगा।

### इस वर्ष टारगेट प्राप्त नहीं हुआ

पीएम आवास के लिए अब तक लगभग दो लाख लोगों के सर्वे हो चुके है, जिनमें से पात्र लोगों को बीते वर्ष के टारगेट से पीएम आवास दिए जाएंगे। इस वर्ष का टारगेट फिलहाल प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन जिले में हमें कुल 18 लाख आवास आबंटित करने हैं, जिससे पात्र अंतिम व्यक्ति तक इस योजना का लाभ पहुंच सकेगा।

\-संदीप कुमार अग्रवाल
सीईओ जिला पंचायत

### सेलम में यार्ड रिमाडलिंग से ट्रेन चलेगी डायवर्ट रूट से

**बिलासपुर।** दक्षिण रेलवे के सेलम रेल मंडल में यार्ड रिमाडलिंग से ट्रेनों का डायवर्ट रूट से चलाया जाएगा। इसके अलावा दूसरे जोन के महबूबाबाद स्टेशन में इंटरलाकिंग के कारण कोरबा से रवाना होने वाली लिंक एक्सप्रेस के पहिए थम जाएंगे।रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण रेलवे के सेलम रेल मंडल अंतर्गत स्टेशन में रेल यार्ड रिमाडलिंग कार्य किया जाएगा। इसके कारण दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित रूट से करने का निर्णय लिया गया है।

2 korba-pg3_Layout 1 5/3/2025 12:07 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जिला उद्योग संघ का शपथ ग्रहण समारोह कल

**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 4 मई को शाम 7.30 बजे सीएमडी चौक स्थित उद्योग भवन में आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक हैं। शपथ ग्रहण अधिकारी छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया हैं। संघ के अध्यक्ष सतीश शाह व महा सचिव शरद सक्सेना ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### राजनीतिक परिचर्चा में भाग लेंगे प्रबुद्धजन

**बिलासपुर।** पाटीदार भवन उस्लापुर में 8 वें नेशनल कान्फ्रेंस का आयोजन 3 एवं 4 मई को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। तोरण प्रसाद यादव ने बताया कि 3 मई को करियर गाइडलाइन एवं बिजनेस बिल्डिंग सेमीनार व 4 मई को राजनीतिक परिचर्चा कान्फ्रेंस होगा। इसमें पूरे देश के अलग अलग जगहों से विद्वान शामिल होंगे। साथ ही स्थानीय विद्वान, राजनेताओं एवं प्रबुद्धजन भी भाग लेंगे।

### रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण सेवा शिविर कल

**बिलासपुर।** साधु वासवानी मिशन एवं सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम द्वारा मिशन की प्रमुख दीदी कृष्णा कुमारी के जन्मदिवस के अवसर पर विशाल निःशुल्क रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण सेवा शिविर का आयोजन 4 मई रविवार को प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक सिंधी पंचायत भवन सिंधी कॉलोनी बिलासपुर में किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क रक्त जांच, दंत परीक्षण, कॉस्मेटोलॉजी जांच कर सर्जरी परामर्श दिया जाएगा। शिविर में डॉ. सुरेश कुमार गिदवानी एकता ब्लड बैंक, डॉ. रौनक कलवानी, डॉ. अंकिता कलवानी, डॉ.अभिषेक कलवानी शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ.एकता कलवानी पैथोलॉजिस्ट सेवाएं देंगे। रक्तदान करने वालों को विशेष उपहार दिया जाएगा।

### बीके 54 अंडरब्रिज बंद रहेगा 6 से

**बिलासपुर।** रोड मरम्मत कार्य के लिए बिलासपुर रेल मंडल ने बीके 54 रेल अंडरब्रिज को बंद करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के जैतहरी से निगौरा स्टेशन के बीच धनगवां रोड में स्थित एलएचएस नंबर बीके 54 रेल अंडरब्रिज को 6 मई से 19 जून तक आवश्यक रोड मरम्मत कार्य हेतु सड़क यातायात के लिए बंद करने का निर्णय लिया गया है। मरम्मत कार्य के दौरान सड़क यातायात के लिए वैकल्पिक व्यवस्था जैतहरी स्टेशन के पास स्थित बीके 55 रेल अंडरब्रिज से उपलब्ध रहेगी।

### धूप ने दिखाई तेजी 4 डिग्री बढ़ा तापमान

**बिलासपुर।** मौसम में उतार चढ़ाव जारी है, शुक्रवार की सुबह से ही धूप निकली और दिन भर सूरज की धमक ने तापमान में बढ़ोत्तरी कर दी है। इस दौरान लोगों को गर्मी का एहसास भी हुआ लेकिन शाम होते तक एक बार फिर उमड़ घुमड़ के बादल मंडराते रहे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में अचानक बढ़त देखी गई, इस दौरान पारा 37.2 डिग्री दर्ज किया गया, रायपुर के बाद बिलासपुर में ही सर्वाधिक तापमान दर्ज किया गया। खास बात यह रही कि मौसम विभाग की चेतावनी के उलट मौसम दिन भर साफ रहा और शाम होते ही आसमान पर बादल दिखने लगे। इस दौरान मौसम सामान्य रहा, लेकिन दिन भर धूप ने लोगों को गर्मी का एहसास करा दिया, हालांकि चिलचिलाती धूप से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर कम हुआ है लेकिन आने वाले दिनों में एक बार फिर अंधड़ और बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

### राशन दुकान संचालन के लिए आवेदन 16 तक

**बिलासपुर।** बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मोहदा, निपनिया, पिरैया, सरवानी एवं सिलपहरी में शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए संबंधित ग्राम पंचायत, पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियों, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियों से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी बिलासपुर द्वारा 16 मई तक आवेदन सीलबंद लिफाफे में मंगाए गए हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अब डोमनाला से ...

एनीकट निर्माण हेतु आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने नाले के आसपास सब्जी उत्पादन करने वाले छोटे किसानों के हितों का भी ध्यान रखने और एनीकट बनने के बाद सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में निर्देश दिए। एनीकट बनने से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सहित निस्तारी की सुविधा, आसपास के जलस्त्रोत के स्तर में वृद्धि, किसानों को स्वयं के पंप में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान हाउसिंग बोर्ड के ईई योगेश पटेल, सिंचाई विभाग के ईई एसएल द्विवेदी, पीएचई के ईई रमनकुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सरस्वती स्कूल गेवरा का परीक्षा परिणाम घोषित

# विज्ञान के साथ-साथ संस्कार को भी धारण करें छात्र : राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गेवरा परियोजना के कक्षा के.जी. वन से कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका दीपका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत रहे, साथ में बहुतायत रूप में अभिभावक बंधु भगिनी शामिल हुए।

प्राचार्य बजरंग लाल पटवा एवं प्रधानाचार्य अशोक सिंह यादव ने सभी के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की और कहा कि जिनका परीक्षाफल 80 प्रतिशत से ऊपर है वे भैया बहन मई में होने वाली मेधावी परीक्षा की तैयारी करें साथ ही हमारे यहां अलग से ली जाने वाली कंप्यूटर परीक्षा, अंग्रेजी ग्रामर परीक्षा, संस्कृति ज्ञान, वैदिक गणित परीक्षा में प्रथम आये सभी विद्यार्थियों को भी बधाई स्वरुप आशीर्वाचन दिए, इसके पूर्व दीपका नगर पालिका के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात करते हुए सभी सफल भैया बहनों को पुरुस्कार देते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर का


छात्रा को पुरुस्कृत करते शिक्षक व अतिथि।

अध्ययन अध्यापन के साथ साथ राष्ट्र के प्रति चेतना और संस्कार एवं शिष्टाचार का दायित्व बोध कराने का जो कार्य करती है वो अतुलनीय है साथ ही कम मानदेय पर आचार्य बंधु भगिनियों का समर्पण भाव नमन करने योग्य है। इस वर्ष अरुण, उदय कक्षा में 27-27 विद्यार्थी ने परीक्षा दिलायी और उत्तीर्ण परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें अरुण में कु निधि कँवर शत प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान में रही, द्वितीय स्थान धर्मेश दास 98.6 प्रतिशत और तृतीय स्थान में युग बरेठ 96 प्रतिशत रहें, उदय कक्षा में पवित्रा श्रीवास 99 प्रतिशत के साथ प्रथम, मन्दाकिनी 92 प्रतिशत द्वितीय, और काश्वी मिरि 90 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान में रही, कक्षा प्रथम में 33 विद्यार्थी में भी शत प्रतिशत परिणाम रहा, जिसमें चारु सायतोड़े 96 प्रतिशत के साथ प्रथम, साक्षी गुप्ता और आदर्श गुप्ता एक साथ 94 प्रतिशत पाकर द्वितीय एवं वंशिका मोंगारे 92 प्रतिशत लेकर तीसरा रही,कक्षा द्वितीय का परिणाम 35 में 34 विद्यार्थी सफल हुए 97.14 प्रतिशत से जिसमें प्रथम ऐंजल त्रिपाठी 98.4 प्रतिशत, द्वितीय टुकेश कँवर 96 प्रतिशत, रूही गुप्ता 92.8 प्रतिशत पाकर तीसरे स्थान में रही, कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान में सिमरन मोंगरे 79 प्रतिशत, योगिता कँवर 73 प्रतिशत से द्वितीय और सुमन कश्यप 72 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान में रही और 97.14 प्रतिशत कक्षा का सफल परिणाम रहा, कक्षा चतुर्थ का परिणाम 97.14 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम राजकुमार महतो 89.5 प्रतिशत दूसरे में रुपल यादव 85.5 प्रतिशत और तीसरा स्थान शिवम 84.5 प्रतिशत अंक लेकर सफल हुआ। इसी प्रकार कक्षा 6वीं का परिणाम 84.6 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम में दिशा गुप्ता 85.8 प्रतिशत द्वितीय रिया गुप्ता 80.3 प्रतिशत और तृतीय स्थान में अनिकेत कश्यप 80 प्रतिशत रहें, कक्षा सप्तम का परिणाम 82.9 प्रतिशत रहा। जिसमें प्रथम स्थान में हर्ष सिंहानी 82 प्रतिशत, द्वितीय श्रेया जायसवाल 81.2 प्रतिशत एवं नितिका नागवंशी 72.8 प्रतिशत में तीसरा रही।

### सशिमं बुधवारी का वार्षिक परीक्षा परिणाम हुआ घोषित



सरस्वती शिशु मंदिर, बुधवारी बाजार कोरबा ने अपने वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। इस वर्ष का सफलता प्रतिशत 98.16 रहा, और अधिकतर कक्षाओं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। विद्यालय में लगभग 3000 छात्र-छात्राएं हैं और सभी ने उत्साह के साथ परीक्षा में भाग लिया था। परिणाम की घोषणा के साथ ही मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य मुख्य अतिथि विकास जोशी ने छात्रों को निरंतर प्रयास और लक्ष्य के प्रति समर्पण की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विकास जोशी ने कहा कि यह परिणाम मेहनत, समर्पण और सही मार्गदर्शन का फल है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका को सराहा। समारोह में मेधावी छात्रों को शील्ड और प्रगति पत्रक देकर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अभिभावक, माताएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय प्राचार्य राजकुमार देवांगन ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पौधरोपण में कार्य के लिए सेजस ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र छात्राएं एवं शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चैतमा प्राचार्य चंद्राणी सोम के निर्देश पर वीरेंद्र कुमार बंजारे संयोजक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, व्याख्याता जीवविज्ञान सहयोगी शिक्षक सुरेन्द्र सिंह नेटी, धनराज सिंह, मुरारीलाल धीवर, चंद्रमुखी साहू ने जल पर्यावरण संरक्षण सोख्ता गड्ढा निर्माण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण के लिए सर्वे, चित्रकला, नारा लेखन, निबंध लेखन ब्यख्यान संगोष्ठी में भाग लेने वाले स्वंय सेवक विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र, शील्ड, मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

वीरेंद्र कुमार बंजारे ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों में विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी के प्रति जिज्ञासा, उत्साह और अन्वेषण की भावना को विकसित करना है। यह कार्यक्रम बच्चों को अवलोकन, प्रयोग और समस्या समाधान के माध्यम से इन विषयों को सीखने के लिए प्रेरित करता है।जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ावा देना राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह छात्रों को विज्ञान और गणित की दुनिया में गहरी रुचि विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह कार्यक्रम छात्रों को विभिन्न प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे वे अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझ सकें। राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह में प्रौद्योगिकी के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जाता है, जिससे छात्रों को नवाचार और रचनात्मकता के नए रास्ते मिल सकें। जांच आधारित शिक्षा यह कार्यक्रम स्कूलों में पूछताछ आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने का भी उद्देश्य रखता है।जिससे छात्र अपनी जिज्ञासा के आधार पर ज्ञान प्राप्त कर सकें।उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ संबंध राष्ट्रीय आविष्कार अभियान उच्च शिक्षा संस्थानों को मार्गदर्शन संस्थान बनने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे माध्यमिक और प्राथमिक विद्यालयों को विज्ञान और गणित के अध्ययन में सहायता मिल सके। राष्ट्रीय अविष्कार सप्ताह में भाग लेने वाले स्वंय सेवक विद्यार्थी संध्या कंवर,तम्मन्ना, रोशनी, हिमानी,ज्योति, सुष्मिता, दीपांजलि, विनय दास, थानेश्वर, पीयूष इत्यादि पैंतीस विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र मोमेंटो, शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

# ग्राम धतूरा में चलाया गया शराबबंदी नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहा सुशासन तिहार के दौरान ग्राम धतूरा के ग्रामीण ने शराब बंद का आवेदन दिया गया था। जिसके तहत थाना हरदीबाजार टीम द्वारा ग्राम धतूरा में 1 मई शाम 6 बजे जनचौपाल लगाकर ग्रामीणों को बताया गया कि कच्ची शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है एवं उसमें डिग्री नहीं होता। इसके सेवन करने से आपकी जान भी जा सकती है कहकर आम नागरिकों को बताया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत धतुरा के सरपंच ब्रिजबाई, पितर सिंह मरकाम ने समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से


शराबबंदी नशामुक्ति अभियान चलाते हुए।

धतूरा में शराब बंद अभियान चलाकर शराब बंद का नारा लगाया गया और ग्रामीणों ने शराब बनाने वाले और बेचने वाले के ऊपर तत्काल कार्रवाई की थाना प्रभारी से मांग की।

### विभिन्न संगठनों ने मनाया मजदूर दिवस

**कोरबा।** राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा भारत, छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक संघ आदि संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में घंटाघर में डॉ बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति स्थल के समीप अंतराष्ट्रीय श्रमिक सम्मान दिवस का आयोजन किया गया। समाज सेवक पदमसिंह चंदेल, अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ब्राह्मण समाज एवं छग कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष रेखा त्रिपाठी, संचालन राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा के संयोजक गोपाल ऋषिकर भारती, छत्तीसगढ़ समाचार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा, मूलनिवासी मुक्ति मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद सफी, कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष ममता अग्रवाल, एम 3 के जिला संयोजक क्रांति कुमार साव कांग्रेस नेत्री गीता महंत उपस्थित रहे। इस दौरान दर्शन कुमार रजक, उपेंद्र राठौर, अहमद खान, सुनील सुना, प्यारेदास महंत, विपेंद्र कुमार साहू, कुसुम गोस्वामी, चंद्रभूषण प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लाल को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षा विभाग में लंबे समय तक सेवा देने के उपरांत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डी. लाल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी व जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति रही। समारोह भावनाओं से ओत-प्रोत रहा, जहां कई लोगों ने डी. लाल के योगदान को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। अपने विदाई में डी. लाल ने कहा शिक्षा विभाग में मैंने लम्बे समय तक सेवा दी, इस दौरान मुझे सभी का भरपूर सहयोग मिला। पोड़ी विकासखंड में शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए हमने एक टीम की तरह काम किया। इस प्रयास में कई चुनौतियां आईं लेकिन सभी के सहयोग से उन्हें पार किया। आज जब पीछे मुड़कर देखता हूँ तो गर्व होता है कि कुछ सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर मिला। उन्होंने आगे कहा



बीईओ को विदाई देते शिक्षक।

कि उनकी आशा और अपेक्षा यही है कि विकासखंड में शिक्षा का स्तर इसी तरह निरंतर ऊँचाईयों की ओर अग्रसर होता रहे। अगर शिक्षा नहीं है, तो कुछ भी नहीं है। आज के युग में बच्चों को केवल पढ़ाना ही नहीं, बल्कि उन्हें अच्छे संस्कार देना भी उतना ही ज़रूरी है। हर अभिभावक की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलवाए, ताकि वे आने वाले समय में समाज और देश के लिए उपयोगी बन सकें। समारोह में उपस्थित जनपद अध्यक्ष माधुरी देवी, उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड़ ने डी. लाल को भावभीनी शुभकामनाएं दी। वही जनपद उपाध्यक्ष श्री जाखड़ ने कहा कि डी. लाल ने अपने कार्यकाल में बहुत ही अच्छा और अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने हमेशा टीम भावना से काम किया। अब वे अपने परिवार और बच्चों के साथ जीवन के इस नए चरण का आनंद लें, हम सभी की यही कामना है।

# सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में क्लस्टरवार समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासन प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सुशासन तिहार के तृतीय चरण 5 मई से 31 मई के बीच जिले के सभी विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जाएगी।

कलेक्टर अजीत वसंत ने सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर के सुचारू संचालन व क्रियान्वयन हेतु सभी अधिकारी कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों व जिम्मेदारियों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए है। समाधान शिविर के तहत आगामी 5 मई को कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत भैंसमा क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत भैसमा, ढोंगदरहा, चीतापाली, करमंदी, बगबुड़ा, चाकामार, करूमौहा, कुरूडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, मुढुनारा, हेतु भैंसमा हाई स्कूल भवन में सशिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 8 मई को क्लस्टर कोरकोमा अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत कोरकोमा, भुलसीडीह, नकटीखार, बुंदेली, पण्डरीपानी, पतरापाली, गोड़मा, केराकछार, रजगामार, गेरांव, केरवां हेतु कोरकोमा हाई स्कूल भवन में शिविर, 14 मई को उरगा क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत उरगा, पहन्दा, पताढ़ी, खोड्डल, मसान, कुकरीचोली, तिलकेजा, सेमीपाली, अखरापाली, कुदुरमाल, देवरमाल, बरीडीह, कटबितला हेतु उरगा हाई स्कूल भवन में शिविर, 17 मई को कुदमुरा क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत बरपाली, मदनपुर, पसरखेत, जिल्गा, चचिया, कुदमुरा, तौलीपाली, कटकोना हेतु हाई स्कूल भवन कुदमुरा में शिविर, 20 मई को अजगरबहार क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत अजगरबहार, माखुरपानी, धनगांव, कछार, तिलाईडांड, सोनगुढ़ा, सोनपुरी, चुईया, जामबहार, बेला, दोंदरो हेतु अजगरबहार हाई स्कूल भवन में शिविर आयोजित होगा।

# एनसीसी कैडेट ने किया फायरिंग अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन सीजी एनसीसी बटालियन द्वारा आयोजित फायरिंग प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेटों ने फायरिंग रेंज (बेला) बालको में फायरिंग का अभ्यास किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सेंथिल कुमार एस ने रेंज पहुंचकर फायरिंग कैडेटों को निशानेबाजी के गुर सिखाए एवं कैडेटों को प्रोत्साहित किया। फायरिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कुलवंत तिर्की ने बताया कि देश की रक्षा पंक्ति में एनसीसी का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। सभी कैडेटों को 0.22 राइफल से 25 मीटर रेंज से फायरिंग कराया गया। फायरिंग के दौरान कैडेटों में अनुशासन के साथ जोश दिखाई पड़ा।

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्याल हरदीबाजार के कुल 7 कैडेटों ने फायरिंग की। जिनमें सार्जेंट मीनाक्षी राठौर, कैडेट अमित, प्रीति,सुयश अनिकेत,ममता, तुषार सहित जेसीओ सुबेदार जरनैल सिंह, हवलदार श्याम सुंदर, हवलदार परमजीत एवं एनसीसी ऑफिसर के साथ कैडेट्स उपस्थित रहे। कमान अधिकारी कर्नल सैंथिल कुमार एस एवं सुबेदार मेजर डुंगर


फायरिंग का प्रशिक्षण लेते एनसीसी कैडेट।

सिंह ने फायरिंग का निरीक्षण किया। फायरिंग की बारीकियों के बारे में कैडेटों को बताते हुए कहा कि सही पकड़ ,सही लक्ष्य और ट्रिगर ऑपरेशन का सिद्धांत अपनाते हुए प्रत्येक कैडेटों को एक गोली एक दुश्मन का लक्ष्य निर्धारित कर फायरिंग अभ्यास करना चाहिए।

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप



### पुलिस लाइन में विवेचकों हेतु संवेदनशीलता पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन

**कोरबा।** जनता से सौम्य, मर्यादित एवं संवेदनशील व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए शुक्रवार को पुलिस लाइन में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को जनसंपर्क में व्यावहारिक दक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर, जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित अधिकारी सहित कुल 55 विवेचक सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में व्यवहार, संवाद कौशल, महिला एवं बाल अपराधों की विवेचना में संवेदनशील दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विवेचकों ने विवेचना के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं एवं जमीनी कठिनाइयों के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय से मार्गदर्शन प्राप्त किया, जिनका समाधान स्वयं पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तारपूर्वक समझाया गया।

### निगम आयुक्त ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने प्रशासनिक व्यवस्थांतर्गत अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है ताकि निर्माण कार्यों को लेकर कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो। जारी आदेश अनुसार योजना शाखा अंतर्गत विभिन्न कार्यों की डीपीआर एवं प्राक्कलन, निर्माण स्थल का भूमि आधिपत्य दस्तावेज का परीक्षण से संबंधित समस्त आवश्यक दायित्वों के निर्वहन अधिकारी कर्मचारियों को दिया गया जिनमें कोरबा जोन के लिए अश्विनी दास उप अभियंता, परिवहन नगर जोन के लिए सोमनाथ डेहरे उप अभियंता, कोसाबाड़ी जोन के लिए विनोद कुमार गोड़ उप अभियंता, पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन के लिए आकाश अग्रवाल उप अभियंता, बालको जोन के लिए श्रीमती अंजूलता बरुआ उप अभियंता, दर्री जोन के लिए रितेश सिंह उप अभियंता, सर्वमंगला नगर जोन के लिए प्रमोद जगत उप अभियंता, मानचित्रकार कार्य सुशील कुमार तिवारी, परीक्षण कार्य हेतु अरविन्द कुमार वानखेड़े सहायक कार्यालय अधीक्षक, लिपिकीय कार्य हेतु विकास यादव सहा ग्रेड-3, कम्प्यूटर आपरेटर समयलाल कंवर शामिल हैं।

### सांसद प्रतिनिधि बने मोहन

**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने मोहन सिंह प्रधान को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री प्रधान को नगर पालिक निगम से संबंधित मामले के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्रीमती महंत ने कलेक्टर एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त को पत्र प्रेषित कर कहा है कि नगर निगम कोरबा में आयोजित होने वाली बैठक आदि के लिए मेरी ओर से मेरे प्रतिनिधि श्री मोहन प्रधान को अवगत करावें।

### 30 साल बाद भी बाजार में नहीं बन पाया शौचालय



**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने बुधवारी बाजार दीपका में शौचालय निर्माण की मांग किया। ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने मुख्य महाप्रबन्धक गेवरा को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल गेवरा अंतर्गत कर्मचारी आवासीय कालोनी में बुधवारी बाजार (साप्ताहिक बाजार) स्थित है। जहां पर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के कर्मचारियों सहित आसपास के गाँव से हजारों की संख्या में लोग अपनी दैनिक जरूरत के सामग्री खरीदने के लिए आते हैं, सैकड़ों की संख्या में व्यापारी इस बाजार में व्यवसाय करते हैं। बाजार के संचालन को लगभग 30 वर्ष हो चुका है, लेकिन अभी तक यहाँ पर शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया है। नगर पालिका में आवेदन करने पर एसईसीएल से अनापत्ति नहीं होने के कारण शौचालय निर्माण नहीं कर रही है।

### सूत सारथी समाज के दिलहरण अध्यक्ष, श्रवण बने सचिव

**कटघोरा।** सूत सारथी समाज की बैठक ठाकुर दईया स्थल पुरानी बस्ती में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कटघोरा, पाली, पोंड़ी उपरोड़ा एवं कोरबा के समाज के लोग उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से जिला इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद हेतु दिलहरण लाल सारथी, उपाध्यक्ष भोलू सारथी, उपाध्यक्ष श्याम लाल बघेल, सचिव श्रवण सारथी, सह सचिव अशोक, कोषाध्यक्ष कलाराम, विशेष सलाहकार सदस्य बेदराम सारथी, सेवा राम सारथी, मैंन सिंह, अमृतलाल, मालाराम, सुखदेव सारथी, इतवार राम पुरुषोत्तम सारथी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दिलहरण सारथी ने कहा कि कोई भी सामाजिक कार्य हेतु सभी सदस्यों पदाधिकारियों की सलाह लेकर कार्य किया गया।

---

प्राथमिक व माध्यमिक शाला की संख्या सर्वाधिक

# एक परिसर में चलने वाले तीन सौ से अधिक स्कूल होंगे समायोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य शासन की स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। 7 मई तक इसकी पूरी रिपोर्ट मांगी गई है। कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को हुई इस संबंध में बैठक में उपस्थित विकाखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक एक ही परिसर में चलने वाले प्रायमरी और मिडिल स्कूल समायोजित हो जाएंगे। इनकी संख्या 3 सौ से अधिक है। वहीं 12 हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल समायोजित होंगे।

स्कूलों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरु होने के बाद जिला प्रशासन ने इसके लिए तेजी से काम शुरु कर दिया है। 16 जून के पूर्व नए पैटर्न पर शिक्षण संस्थानों का संचालन होगा। कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले पांच विकासखंड खंड, कोरबा, कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत चलने वाले ऐसे प्राइमरी, मिडिल स्कूल समायोजित होंगे जो एक ही परिसर में चल रहे हैं। इसके अलावा एक परिसर में चलने वाले हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल भी समायोजित होंगे और इनका नियंत्रण एक प्राचार्य के जिम्मे होगा। केंद्रीय विद्यालय के तर्ज पर इस व्यवस्था को शुरु किया जा रहा है। समायोजित होने से शिक्षकों की संख्या और छात्रों की संख्या के हिसाब से पदस्थापना का कार्य किया जाएगा। 16 जून के पूर्व शिक्षकों की पदस्थापना भी पूरी कर लिए जाने की तैयारी की गई है। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया शुरु होने से शिक्षकों में भी हड़कंप मचा हुआ है।



बैठक में अधिकारियों ने निर्देश देते कलेक्टर।

#### प्रत्येक ब्लॉक में 60 से अधिक स्कूल

युक्तियुक्तकरण अंतर्गत जो जानकारी शिक्षा विभाग से सामने आई है। उसके तहत प्रत्येक ब्लॉक में 60 से अधिक प्राइमरी व मिडिल स्कूल जो एक ही परिसर में चल रहे हैं वह समायोजित हो जाएंगे। प्राइमरी स्कूल मिडिल स्कूल में समायोजित होने के बाद उनका नियंत्रण मिडिल स्कूल के प्राचार्य करेंगे और दोनों स्कूलों में छात्रों के दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों पदस्थापना होगी।

#### पारदर्शिता के साथ की जाए युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही


कलेक्टर अजीत वसंत ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने राज्य शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में युक्ति युक्तकरण की कार्यवाही पारदर्शिता के साथ बिना पक्षपात के करने के निर्देश डीईओ को दिए। कलेक्टर ने सभी अतिशेष शिक्षकों और विद्यालयों की सूची बनाने, विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात के आधार पर क्रम निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा को ध्यान रखकर युक्तियुक्तकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीईओ को यह भी सुनिश्चित करने कहा कि जिन विद्यालयों में एक से अधिक विषय विशेषज्ञ शिक्षक है और जहां कोई भी विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं हैं। ऐसे विद्यालय से शिक्षकों की सूची तैयार कर उन्हें विषय शिक्षक की कमी वाले विद्यालयों में पदस्थ किया जाए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार जर्जर विद्यालय भवनों की तथा सौ विद्यार्थियों से अधिक एवं क्षमता से अधिक विद्यार्थियों वाले स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपलब्ध सूची का परीक्षण कर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ को दिये।

#### कहीं शिक्षक बाहर जाएंगे तो कहीं अंदर आएंगे

छात्रों की दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षकों की पदस्थापना के लिए जो नियम बनाए जा रहे हैं व 30 छात्रों के बीच में एक शिक्षक की पदस्थापना वाले नियम का पालन किया जाएगा। इसके तहत जिन स्कूलों में छात्रों की दर्ज संख्या के हिसाब से पदस्थ शिक्षकों की संख्या शासन के दिए गए नियम से अधिक है उन स्कूलों में शिक्षकों को कम शिक्षकों वाले स्कूलों में भेजा जाएगा। इस प्रक्रिया से कहीं शिक्षक अपनी वर्तमान पदस्थापना से बाहर जाएंगे तो कहीं बाहर से शिक्षकों की स्कूल में पदस्थापना की जाएगी।

---

# पड़ोसी जिले से आए दंतैल ने युवक को उतारा मौत के घाट



दंतैल हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले से देर रात को आ धमके एक दंतैल हाथी ने दिशा मैदान के लिए नाला पहुंचे युवक को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।मृतक के परिजनों को वन विभाग की ओर से प्राथमिक सहायता की राशि 25 हजार रुपए प्रदान की गई है जबकि घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत व्याप्त है। हालांकि वन विभाग की टीम हाथी की लगातार ट्रैकिंग कर रही है और प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मुनादी कर लोगों को सजग और सावधान रहने हिदायत दे रही है। पड़ोसी जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के मरवाही वनमंडल से बीती रात एक दंतैल हाथी कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में प्रवेश किया अचानक आ धमके इस हाथी का शुकवार की तड़के शौच के लिए जंगल गए कुम्हारीसानी गांव निवासी 22 वर्षीय रामदयाल पिता रामगोपाल गोंड नामक ग्रामीण युवक से सामना हो गया जिसके बाद हाथी ने ग्रामीण पर हमला कर दिया जिससे ग्रामीण की वहीं मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।मृत युवक के परिजनों को तात्कालिक सहायता के रूप में वन विभाग की ओर से 25 हज़ार रूपये की आर्थिक सहायता डी गई।



मृतक।

---

# लोगों से क्षमा मांगने और समाज की सेवा करने की परंपरा सराहनीय: आशुतोष



कार्यक्रम में उपस्थित निगम आयुक्त व समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने पुराना बस स्टैंड जैन भवन में अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर का अवलोकन किया। इस दौरान आयुक्त आशुतोष पांडे ने कहा कि जैन धर्म एक अद्भुत धर्म है, जिसमें प्रत्येक वर्ष अपने लोगों से क्षमा मांगने और समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा करने अदभुत परंपरा है। उन्होंने कहा कि अपोलो हॉस्पिटल और महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन का यह संयुक्त प्रयास सराहनीय है और सभी व्यक्तियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस शिविर में लगभग 2 सौ लोगों ने लाभ उठाया और अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। यह आयोजन न केवल स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने में सफल रहा, बल्कि जैन समाज के मूल्यों और सिद्धांतों को भी प्रदर्शित किया। सूर्य नारायण केसरी ने भी अपोलो हॉस्पिटल एवं महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन की सामाजिक सेवा की तारीफ की और कहा कि यह एक सामाजिक संस्था है जो समय-समय पर शिविर का आयोजन करती रहती है और उन्हें हमेशा सहयोग करती है। महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन और अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयासों से यह आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल, राजेंद्र तिवारी, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, राजेंद्र जायसवाल, मनोज शर्मा, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, पारस जैन, आदि उपस्थित रहे।

---

# निगम की सामान्य सभा में वन नेशन वन इलेक्शन बहुमत से पारित



निगम की सामान्य सभा में उपस्थित पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की सामान्य सभा में कुल 6 एजेंडों पर मुहर लगाई गई है। जिनमें सबसे प्रमुख वन नेशन-वन इलेक्शन (एक राष्ट्र-एक चुनाव) का एजेंडा था। नगर निगम कोरबा द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर समर्थन प्रस्ताव से संबंधित प्रस्ताव को सदन में बहुमत के आधार पर पारित किया गया।

निगम के सभापति नूतनसिंह ठाकुर की अध्यक्षता एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में शुक्रवार को नगर निगम की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पहले एमआईसी द्वारा पारित प्रस्ताव की पुष्टि की गई। इस दौरान नगर निगम द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन (एक राष्ट्र-एक चुनाव) विषय पर समर्थन प्रस्ताव से संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव को इस प्रस्ताव को लेकर नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू सहित अन्य विपक्षी पार्षदों ने अपना विरोध जताया। हालांकि सदन द्वारा बहुमत के आधार पर पारित कर लिया गया। बैठक के दौरान तीसरे एजेंडे के रूप में पूर्ववर्ती विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण वर्तमान में नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनांतर्गत लीज पर आबंटित भूखण्डों के भू-भाटक में वृद्धि के संबंध में प्रस्ताव सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर पक्ष व विपक्ष के बीच लंबी चर्चा देखने को मिली। जिसके बाद आखिरकार इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर लिया गया। सामान्य सभा में चौथे एजेंडे के रूप में नगर निगम के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर संशोधित संकल्प पारित करने के प्रस्ताव का प्रस्ताव लाया गया, जिसे लेकर भी नेता प्रतिपक्ष श्री साहू व अन्य पार्षदों ने अपना विरोध जताया। विपक्षी पार्षद संपत्ति कर में किसी भी प्रकार की बढ़ोत्तरी नहीं करने की मांग कर रहे थे। जिस पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि संपत्तिकर संशोधन में आमनागरिक प्रभावित नहीं होंगे, केवल बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों ही प्रभावित होंगे। महापौर ने बताया कि संपत्ति कर संशोधन में केवल औद्योगिक क्षेत्र में ही टैक्स का स्लैब बढ़ाया जा रहा है, इससे आम नागरिकों को कोई नुकसान नहीं है और ना ही उनके टैक्स में कोई बढ़ोत्तरी होगी। जिसके बाद बहुमत के आधार पर इस एजेंडे को पारित कर लिया गया। नगर पालिक निगम के वार्ड समितियों के गठन के प्रस्ताव, अधोसंरचना मद से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास, निर्माण कार्यो की स्वीकृति एवं पहलगाम आंतकी हमला के विरूद्ध निंदा प्रस्ताव व पाकिस्तान के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के लिए संबंधी प्रस्तुत प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किए गए।

#### पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

निगम की सामान्य सभा में पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित कर आतंकवादी हमले पर नाराजगी जताई गई। निर्दलीय पार्षद अब्दुल रहमान की मांग पर सभी पार्षदों ने अपनी सहमति जताई और सदन में पाकिस्तान की आलोचना करते हुए केन्द्र सरकार से सख्त कार्यवाही की मांग की। महापौर ने इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह राजनीतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि हमारे देश की सुरक्षा और नागरिकों के जान का सवाल है। आतंकवाद के खिलाफ हमें निर्णायक व मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। निर्दलीय पार्षद अब्दुल रहमान ने सदन में पत्र के जरिए इस मुद्दे को उठाया था, जिसका सभी ने समर्थन किया।

---

# सफाई कर्मियों की मांगों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



1 मई को सीएसईबी वेस्ट मे कार्यरत सफाई कर्मचारियों को कम वेतन एवं पीएफ नहीं देने के सन्दर्भ में डोमार समाज द्वारा 1 मई को हड़ताल का आव्हान किया गया। डोमार समाज के अध्यक्ष विजय करन कलशे व सिकन्दर उसर वर्षा प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ राजेश अरखेल, लल्लू गेराव, सत्यनारायण चुहटेल, सुरेश ताम्बे, संतोषी ताम्बे, राजू मालिक की अगुआई में सभी सफाई कर्मचारियों के साथ मजदूर दिवस पर सीएसईबी कॉलोनी के सिविल ऑफिस का घेराव किया गया। इस आंदोलन में अपनी मांगों को अधिकारियों के समक्ष रखा गया। सहमति नहीं बनने के कारण 2 मई को धरना स्थल पर सीएसईबी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मांगों के निराकरण के लिए आश्वासन दिया। उसके बाद सफाई कर्मचारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है।

---

# अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम पहुंचे लोगों पर मधुमक्खियों का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

युवा कांग्रेस नेता सुमित दुहलानी के अंतिम संस्कार के दौरान मलदा घाट मुक्तिधाम पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां मधुमक्खियों के झुंड ने एकाएक हमला बोल दिया। मुक्तिधाम पहुंचे नगरवसियों सहित स्व.सुमित दुहलानी के परिजनों, नगर पालिका अध्यक्ष से लेकर लगभग हर कोई मधुमक्खियों के दंश का शिकार हुआ है। कटघोरा मेन रोड निवासी सुमित दुहलानी 36 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक में निधन दिल का दौरा पडऩे से हो गया। शुक्रवार की सुबह के वक्त अंतिम संस्कार के लिए अंतिम यात्रा निवास से प्रारम्भ हुई और वार्ड 10 स्थित मालदा घाट ले जाया गया। इस दौरान एकाएक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला करना शुरू कर दिया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया कुछ लोगों ने तो मलदा घाट के तालाब में कूद कर अपनी रक्षा की तो अधिकांश लोग इधर-उधर भागते-छुपते रहे। हमले से कुछ लोग घायल भी हुए जिन्हें कटघोरा के विभिन्न निजी-सरकारी अस्पतालों में पहुंचकर अपना इलाज पानी करना शुरू कर दिया है।

---

राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के लिए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कोरबा का चयन

# वनों का अस्तित्व बचाने चलाया गया पौधरोपण जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अगर समय रहते पेड़ों की कटाई पर रोक नहीं लगायी तो वनों का अस्तित्व ख़तरे में आने से पूरा जीवन संकट में आ जाएगा। इसी संकट को ध्यान में रखते हुए राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद द्वारा प्रत्येक ज़िले के विकासखंड से 3 विद्यालयों का चयन राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह मनाने के लिए किया गया, जिसने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कोरबा का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार सप्ताह में पौधारोपण जल संरक्षण जन जागरूकता कार्यक्रम मनाने के लिए किया गया। कार्यक्रम की जिला नोडल डॉ फ़रहाना अली की अगुवाई में कार्यक्रम प्रभारी निशा पाटिल सोनारे द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस दीवार पर चित्रकला जिसमें प्रथम कृतिका द्वितीय गूँजलता, तृतीय रितु, द्वितीय दिवस संगोष्ठी आयोजन जिसमें प्रथमसाक्षी द्वितीय कुसुम तृतीय, भावना तृतीय दिवस स्लोगन प्रथम नंदिता द्वितीयप्रेरणा से तृतीय सोमेश्वरी ही जिसमें सभी छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता दिखाई। पाँचवे दिवस में सिंगल रिंग इंफ़्लीटोमीटर परीक्षण प्रक्रिया मिट्टी में पानी की प्रवेश स्तर को मापने के लिए परीक्षण कराया गया और अंत में छठवें दिवस में पेड़ों पर बार कोड लगाने की कार्य किया गया, जिसमें बार कोड को स्कैन कर उस पेड़ की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिसमें वृक्ष बचाओ जल बचाओ जागरूकता के कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। अंतिम दिवस में सभी विज्ञेताप्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह देकर प्रथम द्वितीय तृतीय प्रतिभागी छात्राओं को मेडल स्वरुप प्रतीक चिन्ह देकर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष सोन कुंवर एवं उपाध्यक्ष प्रमिला पैकरा और समिति सदस्य और विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति में दिया गया।

